Phone & Fax:- 01376-254062

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि., चम्बा टिहरी गढवाल।

Website-http://pwd.uk.gov.in E-Mail- eepwdchamba@rediffmail.com

पत्रांकः– 1593 / 13 एम0 जी0 दिनांक 13/09/2018

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
नई टिहरी,
टिहरी गढवाल।

विषयः– जनपद टिहरी गढवाल में ठांगधार थौलधार मोटर मार्ग FP/UK/ROAD/21726/2016 वन भूमि प्रस्ताव पर लगाई गयी आपत्तियों के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– **EDS Date 08-09-2018**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **EDS Date 08-09-2018** द्वारा लगाई गई आपत्तियों का निराकरण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित एवं संशोधित प्रतियां आपको अलग से प्रेषित की जा रही है :–

| Sl. No | Short Comming | Clearification/Answar |
|---|---|---|
| 1 | upload DFO singed copy of justification parpatra-11. | Form A-1 Para-D (i) में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित कर ऑन लाईन अपलोड कर दिया गया है। |

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत कराने की आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,

संलग्नकः– संशोधित प्रपत्र की छाया प्रति।

(गौरव थपलियाल)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक / तददिनांक
प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियन्ता, 8वॉ वृत्त लो0नि0वि0 नई टिहरी को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता

परियोजना का नामः— जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनौल्टी मे राज्य योजना के अन्तर्गत ठांगधार – थौलधार मोटर मार्ग का नव निर्माण

# वनभूमि की मॉग का औचित्य एवं विवरण

जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनौल्टी में ठांगधार—थौलधार मोटर मार्ग में इस क्षेत्र मे रहने वाले को यातायात की सुविधा उपलब्ध नही है। इस क्षेत्र मे प्रस्तावित मार्ग के निर्माण हेतु वन भूमि के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नही है।

उपरोक्त मोटर मार्ग के नव निर्माण राज्य योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या– 89/लो0नि0—1/ 2004 —06 (प्रा0आ0)/2004 दिनांक 6.2.2004 के द्वारा 10.00 किमी0 लम्बाई लागत रू. 139.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है।

यह मार्ग चम्बा मसूरी मोटर मार्ग के किमी0 15 से प्रारम्भ होता है। तथा मार्ग की कुल लम्बाई 7.775 किमी0 है। यह मार्ग ठांगधार नामक स्थान से प्रारम्भ होकर थौलधार नामक स्थान पर समाप्त होता है, यह मोटर मार्ग बरवालगांव—क्यूलागी—नैर कैथोगी ग्रामों को जोडता है जिससे तीनों गांव की कुल 1226 की आबादी लाभान्वित होगी, वर्तमान में थौलधार—बरवालगांव, क्यूलागी के लोगों को जिला मुख्यालय आने हेतु 52 किमी0 की लम्बी दूरी तय करने पडती है, इस मार्ग के बनने से मात्र 33 किमी0 की दूरी तय करने के पश्चात जिला मुख्यालय पंहुचा जा सकेगा। क्यूलागी तथा नैर कैथोगी के ग्रामवासियों को लगभग 4—5 किमी0 की पैदल दूरी तय करने के पश्चात मुख्य सड़क तक पंहुचा जाता है, तत्पश्चात मोटर मार्ग से दूरी तय की जाती है। इस मार्ग के बनने से पैदल दूरी समाप्त होने के साथ ही कम दूरी तय कर जिला मुख्यालय तथा अन्य जरूरत के स्थानों पर पंहुचा जा सकेगा, साथ ही साथ इस मार्ग के बनने से धनोल्टी विधानसभा के थौलधार, कमान्द, लेंगर्थ आदि का एक बहुत बडा भू भाग कम दूरी तय कर जिला मुख्यालय तथा प्रदेश की राजधानी देहरादून पंहुच सकेंगे जिससे इन क्षेत्रों में होने वाली नकदी फसल, का उचित मूल्य कास्तकारों को मिल सकेगा तथा एक बडे क्षेत्र को कम दूरी में चिकित्सा आदि की सुविधाऐं प्राप्त हो सकेगीं। इस मार्ग के नव निर्माण से क्षेत्र के समुचित विकास के साथ—साथ स्थानीय जनता लाभान्वित होगी तथा ग्राम क्षेत्रवासियों के लिये यातायात की सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मार्ग निर्माण हेतु उक्त प्रस्तावित वन भूमि लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड को हस्तान्तरित की जानी आवश्यक एवं न्यूनतम है।

इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.275 कि.मी. लम्बाई मे आरक्षित वन भूमि जिसका क्षेत्रफल 2.9925 हे0, तथा 3.500 कि.मी. लम्बाई मे नाप भूमि जिसका क्षेत्रफल 2.45 हे0 है, की आवश्यकता है।

इस मार्ग का संयुक्त निरीक्षण 7.00 मीटर चौड़ाई में पेड़ों की गिनती के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसमे आरक्षित वन भूमि के साथ सिविल सोयम भूमि एवं नाप भूमि में स्थित कुल **456** वृक्ष आ रहे हैं (संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न है।) प्रस्ताव में वनभूमि हस्तानान्तरण हेतु मार्ग की चौड़ाई 7.00 मीटर ली गयी है।

मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूचि निम्न प्रकार है–

| **क0सं0** | **ग्राम** | **कोड** | **आवादी** |
|---|---|---|---|
| **1** | **बरवालगांव** | 003999200 | 425 |
| **2** | **क्यूलागी** | 00399300 | 739 |
| **3** | **नैर कैथोगी चक** | 00397900 | 62 |

**मार्ग पर पड़ने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार है :–**

1 आरक्षित वन भूमि का क्षेत्रफल – 2.9925 हे0 (लम्बाई 4.275 कि0मी0)

2 नाम भूमि का क्षेत्रफल– 2.45 हे0 (लम्बाई 3.500 कि0मी0)

अपर सहायक / कनिष्ठ अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
चम्बा।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
चम्बा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
चम्बा।

**प्रभागीय वनाधिकारी**
**टिहरी वन प्रभाग**
**नई टिहरी**